कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र. / जन.कार्य. / 2024 / 455 दिनांक : 28 / 02 / 2024

प्रति,
श्रीमान संपादक महोदय / ब्यूरोचीफ
ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

जनसंपर्क अधिकारी

प्रेसनोट :

कृषि विश्वविद्यालय में व्यवहार कौशल कार्यशाला सम्पन्न

ग्वालियर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर व आनंद कृषि विश्वविद्यालय, गुजरात के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का आज समापन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का विषय वैज्ञानिकों व विस्तार अधिकारियों के व्यवहार कौशल परायणता रहा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन आनंद कृषि विश्वविद्यालय, गुजरात के विषय निदेशक डॉ. केयुर गरधरिया ने कहा कि आप अपने व्यवहार में सकारात्मकता बनाये रखे। जो आप बनना चाहते है केवल उसे ही अपनी सफलता का उद्देश्य बनाए। आपको जीवन में कभी–भी नैतिक मूल्यों व नीतियों को नहीं भूलना चाहिए। यदि हमे नैतिक मूल्यों को मजबूत करना है तो दुविधाओं में कम पड़ना होगा आपको सफलता प्राप्त करने के लिए अपने सुविधा क्षेत्र से बाहर निकलने की आवश्यकता है। सभी प्रतिभागियों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम पर अपनी–अपनी प्रतिक्रियायें दी गई।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. वाय.पी. सिंह ने प्रशिक्षक, प्रतिभागी व आयोजकों को धन्यवाद करते हुये कहा कि जो आपने सीखा है, मुझे विश्वास है कि आप उसे अपने जीवन में अपनायेंगे और अपनी संस्था की प्रगति में योगदान करेंगे। आप अपने क्षेत्रों में प्रगतिशील कार्य करते रहे है और भविष्य में भी प्रगतिवान रहें। डॉ. सिंह द्वारा प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। सहायक विषय निदेशक डॉ. विश्वजीत पटेल, कार्यक्रम संचालक डॉ. वाय.डी.मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापक वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश सिंह मौजूद रहे।